an>

Title: Need to expedite construction of flyovers at Garh Chaupala and Gajraula on National Highway No. 24 in Amroha parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री कंवर सिंह तंवर (अमरोहा)ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरोह में राष्ट्रीय राजमार्ग-24 के हापुड़-मुरादाबाद प्रभाग में निर्माणाधीन फ्लाई ओवरों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

एन.एच.-24 पर पड़ने वाले गढ़ चौपला के फ्लाई ओवर, गजरौला के फ्लाई आवेरों का निर्माण कार्य पिछले कई सालों से बंद पड़ा है, जिसके कारण यातायात के आवागमन में काफी परेशानी होती है तथा अक्सर दुर्घटनाओं में जान-माल की हानि होती रहती है।

यह एक महत्वपूर्ण राजमार्ग है, जो कि दिल्ली से लखनऊ एवं नैनीताल को जोड़ता है। इस रास्ते से विदेशी पर्यटकों का भी भारी संख्या में आवागमन होता है।

अतः मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि गढ़ चौपला एवं गजरौला के अधूरे पड़े फ्लाई ओवरों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराया जाये ताकि इन दोनों फ्लाई ओवरों पर आवागमन हो सके और यात्रियों को दुर्घटनाओं व जाम की स्थिति से राहत मिल सके।